दिन– शुक्रवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 26 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– पाकिस्तान आतंकवाद और छद्‌म युद्ध के सहारे खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रहा है।

02. प्रधानमंत्री ने अग्निपथ योजना पर गलत सूचना फैलाने के लिए विपक्ष की आलोचना की।

03. केन्द्र सरकार ने दरभंगा के शोभन में एम्स के निर्माण को दी मंजूरी। राज्य सरकार से इसके लिए भूमि देने का किया अनुरोध।

04. राजद के एमएलसी सुनील कुमार सिंह विधान परिषद से बर्खास्त। आचार समिति की अनुशंसा पर हुई कार्रवाई।

05. और, विधान मंडल के मॉनसून सत्र का आज हुआ समापन। इस सत्र के दौरान पेपर लीक रोकथाम से संबंधित विधेयक समेत अन्य विधेयक पारित किये गये।

---

देशभर में आज पच्चीसवां करगिल विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कृतज्ञ राष्ट्र ने सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को याद किया। आज ही के दिन सेना ने उन्नीस सौ निन्यानवे में युद्ध के बाद करगिल में पाकिस्तानी सेना पर विजय हासिल की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज द्रास में करगिल युद्ध के नायकों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि लद्दाख की ये महान भूमि करगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ की साक्षी बन रही है। उन्होंने कहा कि करगिल विजय दिवस हमें यह बताता है कि देश के लिए दिया गया बलिदान अमर है। जम्मू–कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमलों पर पाकिस्तान की आलोचना करते हुए श्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान अतीत में भी अपने सभी नापाक प्रयासों में विफल रहा है, लेकिन वह आतंकवाद और छद्‌म युद्ध का सहारा लेकर स्वयं को प्रासंगिक बनाए रखने के प्रयास कर रहा है।

–––बाईट––––

लेकिन आज जब मैं उस जगह से बोल रहा हूं जहां आतंक के आकाओं को मेरी आवाज सीधे सुनाई पड रही है। मैं आतंकवाद के इन सरप्रस्तों को कहना चाहता हूं कि उनके नापाक मंसूबे कभी कामयाब नहीं होगें। आतंकवाद को हमारे जाबाज पूरी ताकत से कुचलेंगे। दुश्मन को मुंह तोड जवाब दिया जायेगा।

श्री मोदी ने देश के रक्षा क्षेत्र में किए गए सुधारों की सराहना करते हुए कहा कि भारत का रक्षा उत्पादन डेढ लाख करोड़ रूपए से अधिक हो गया है। प्रधानमंत्री ने अग्निपथ योजना के बारे में भ्रामक सूचनाएं फैलाने के लिए विपक्ष की आलोचना की।

उन्होंने कहा कि यह देश में होने वाले महत्वपूर्ण सुधारों में से एक है और इससे भारत का सामर्थ्य बढेगा।

———बाईट———

अग्निपथ योजना के जरिए देश ने इस महत्वपूर्ण सपने को एड्रेस किया है। अग्निपथ का लक्ष्य सेनाओं को युवा बनाना है। दुर्भाग्य से राष्ट्रीय सुरक्षा से जुडे इतने संवेदनशील विषय को कुछ लोगों ने राजनीति का विषय बना दिया है। कुछ लोग सेना के इस रिफार्म पर भी अपने व्यक्तिगत स्वार्थ में झूठ की राजनीति कर रहे हैं। ये वही लोग है जिन्होंने सेनाओं में हजारो करोड के घोटाले करके हमारी सेनाओं को कमजोर किया।

श्री मोदी ने कहा कि देश के युवाओं को गुमराह करने वाले ये लोग अतीत में भी सशस्त्र बलों के प्रति कोई सम्मान नहीं रखते थे। करगिल युद्ध के दिनों को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वे देश के उन वीर सपूतों को नमन करते हैं, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कारगिल विजय दिवस पर सशस्त्र बलों के प्रति आभार व्यक्त किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि सैनिकों का बलिदान और वीरता प्रत्येक नागरिक को प्रेरित करती रहेगी। इधर, करगिल दिवस के अवसर पर आज संसद के दोनों सदनों में करगिल युद्ध के दौरान वीरता से लड़ने वाले बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। वहीं, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अगल–अलग हिस्सों में करगिल विजय दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पटना के गांधी मैदान स्थित शहीद–ए–कारगिल स्मृति स्थल पर आयोजित राजकीय समारोह में पटना के जिलाधिकारी और सेना के अधिकारियों की ओर से अमर शहीदों को सलामी दी गई।

————————————————————————

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने करगिल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में श्री वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है।

———बाईट———

डिफेन्स के प्रोडक्शन में पिछले दस वर्षों में आत्म निर्भर हुआ है भारत करीब–करीब 70 परसेंट के आसपास हमारा जो रिक्वायरमेंट है डिफेंस का वो आज भारत में बनता है। भारत में डिफेंस का प्रोडक्शन एक लाख करोड रुपये से अधिक हो गया है। डिफेंस के जो पब्लिक सेक्टर यूनिट्स है उनका बैल्यूएशन आज एक बहुत हाई बैल्यूएशन पहुंचा है और सबसे बडे गौरव की बात है कि भारत में बने डिफेंस उपकरण आज 80 देशों में एक्सपोर्ट हो रहे हैं। करीब 25 हजार करोड से ज्यादा के एक्सपोर्ट डिफेंस के हो गये हैं।

————————————————————————

केन्द्रीय संचार ब्यूरों की ओर से करगिल विजय दिवस के अवसर पर पटना साइंस कॉलेज में फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अजय कुमार सिंह ने

किया। इस अवसर पर पत्र सूचना कार्यालय पटना के निदेशक और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

————————————————————————————

राजद के एमएलसी सुनील कुमार सिंह को विधान परिषद से आज बर्खास्त कर दिया गया। विधान परिषद की आचार समिति की अनुशंसा पर ये कार्रवाई हुई है। समिति के अध्यक्ष रामवचन राय ने सुनील कुमार सिंह की बर्खास्तगी का प्रस्ताव पेश किया, जो ध्वनिमत से पारित हुआ।

———बाईट———

बाद में श्री सिंह ने कहा कि आज उन्हें सदन में बोलने का मौका नहीं दिया गया।

———बाईट———

————————————————————————————

इधर, आचार समिति ने राष्ट्रीय जनता दल के ही मोहम्मद कारी सोहैब के खिलाफ भी कार्रवाई की अनुशंसा की थी। हालांकि समिति के समक्ष माफी मांगने पर उन्हें अगले सत्र में केवल दो दिनों के लिए निलंबित किया गया है।

————————————————————————————

दरभंगा में एम्स निर्माण का कार्य जल्द ही शुरू होगा। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने शोभन–एकमी बाईपास के पास प्रस्तावित भूमि पर एम्स के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इसी साल मार्च में केन्द्र सरकार की तकनीकी टीम ने उक्त भूमि का सर्वेक्षण करने के बाद एम्स निर्माण के लिए उपयुक्त बताया है। केन्द्र ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर जल्द भूमि हस्तांतरण का अनुरोध किया है। इधर, राज्य सभा सांसद संजय झा ने जानकारी देते हुए कहा कि एम्स निर्माण के लिए राज्य सरकार जल्द ही एक सौ पचास एकड़ से अधिक भूमि केंद्र को निःशुल्क हस्तांतरित कर देगी। उन्होंने कहा कि सरकार अपने संसाधनों से उक्त स्थल पर बिजली और पानी की आपूर्ति की व्यवस्था करने के साथ आवागमन के लिए भी जरूरी कदम उठायेगी।

————————————————————————————

बिहार विधान मंडल का मानसून सत्र आज संपन्न हो गया। पांच दिनों के इस सत्र के दौरान सात विधेयक पारित किये गये। प्रश्न पत्र लीक रोकने और गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से संबंधित विधेयक भी पारित किया गया। अपने समापन भाषण में विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने सत्र के संचालन में सहयोग के लिए सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। श्री यादव ने बताया कि सत्र के दौरान कुल ग्यारह सौ नौ प्रश्न सदस्यों से प्राप्त हुए, उसमें आठ सौ सत्तर प्रश्न स्वीकृत किये गेय। इसके अलावा एक सौ छह ध्यानाकर्षण सूचनाओं में से आठ को सदन में वक्तव्य के

लिए रखा गया। वहीं, परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सत्र के संचालन में सहयोग के लिए दोनों पक्ष के सदस्यों के प्रति आभार जताया। सभापति ने कहा कि सत्र के दौरान सदस्यों से चार सौ चालीस प्रश्न प्राप्त हुए इसमें से चार सौ बारह को स्वीकृत किया गया। उन्होंने कहा कि सदस्यों से प्राप्त तिरसठ ध्यानाकर्षण में से चौंतीस को स्वीकृत किया गया।

---

भाजपा ने डॉक्टर दिलीप जायसवाल को बिहार का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह ने ये जानकारी दी। डॉक्टर जायसवाल सम्राट चौधरी का स्थान लेंगे जो राज्य के उप मुख्यमंत्री हैं। विधान पार्षद डॉक्टर दिलीप जायसवाल वर्तमान में राज्य के भूमि सुधार और राजस्व मंत्री हैं। मूल रूप से खगड़िया जिले के रहने वाले डॉक्टर जायसवाल पिछले दो दशक से सक्रिय राजनीति से जुड़े हैं और तीसरी बार बिहार विधान परिषद के लिए चुने गये हैं। प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर डॉ. जायसवाल ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करना और आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए की मजबूत सरकार बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। इधर, डॉक्टर दिलीप जायसवाल को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रभात झा का गुरूग्राम के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे सड़सठ वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। प्रभात झा मूल रूप से सीतामढ़ी जिले के कोरियाही गांव के रहने वाले थे। उनके निधन पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने गहरा शोक जताया है। इधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद प्रभात झा के निधन पर दुख व्यक्त किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने उनके संगठनात्मक और पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया।

---

राज्य सरकार ने आज कहा कि सोन नहर प्रणाली के तहत नहर में सिंचाई के लिए किसानों को पानी उपलब्ध होगा। विधान सभा में एक ध्यानाकर्षण के जवाब में जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने आज कहा कि वाणसागर परियोजना और रिहंद परियोजना के जलाशयों से बिहार को पानी मिले इसके लिए मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकार से बातचीत हुई है। राज्य सरकार ने दो पदाधिकारियों को वहीं ड्यूटी लगाई है। वहीं, ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि सिंचाई व्यवस्था के लिए डेडिकेटेड कृषि फीडर के माध्यम से किसानों को सुबह पांच बजे से शाम सात

बजे तक निर्बाध बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की गयी है। इससे किसानों को पटवन की सुविधा मिलेगी।

---

पूर्णियां के डाकबंगला चौक पर स्थित एक प्रसिद्ध कम्पनी के आभूषण दुकान से हथियारबंद अपराधियों ने दिन–दहाड़े लगभग दो करोड़ रूपये मूल्य के आभूषण लूट लिये। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पांच से छह की संख्या में आये अपराधियों ने आभूषण दुकान के कर्मचारियों और ग्राहकों को हथियार का भय दिखाकर लूट की घटना को अंजाम दिया। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

---

राज्य में दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की गतिविधियां कमजोर बनी हुई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले तीन से चार दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की क्रमिक वृद्धि का अनुमान है। विभाग ने तीस जुलाई से मॉनसून के फिर से सक्रिय होने की सम्भावना व्यक्त की है। इस दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पश्चिम जिलों के अनेक स्थानों पर वर्षा की सम्भावना है।

---

अररिया व्यवहार न्यायालय ने हत्या के एक मामले में आरोपी रवि आलम उर्फ रऊफ आलम को आजीवन कारावास और दस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

---

शेखपुरा पुलिस ने शेखोपुरसराय थाना क्षेत्र के भेड़िया पुल के पास जांच के दौरान एक वाहन से एक सौ अठारह लीटर शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– पाकिस्तान आतंकवाद और छद्म युद्ध के सहारे खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रहा है।
02. प्रधानमंत्री ने अग्निपथ योजना पर गलत सूचना फैलाने के लिए विपक्ष की आलोचना की।
03. केन्द्र सरकार ने दरभंगा के शोभन में एम्स के निर्माण को दी मंजूरी। राज्य सरकार से इसके लिए भूमि देने का किया अनुरोध।
04. राजद के एमएलसी सुनील कुमार सिंह विधान परिषद से बर्खास्त। आचार समिति की अनुशंसा पर हुई कार्रवाई।

05. और, विधान मंडल के मॉनसून सत्र का आज हुआ समापन। इस सत्र के दौरान पेपर लीक रोकथाम से संबंधित विधेयक समेत अन्य विधेयक पारित किये गये।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।